# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)
रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

*ई मेल : registrar@durguniversity.ac.in* *वेब साइट : www.durguniversity.ac.in* *दूरभाष : 0788-2359100*


क्र.1473/प्रवेश/2022 दुर्ग, दिनांक 24.08.2022

## //सूचना//

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, छत्तीसगढ़ के पत्र क्र. 3173/760/आउशि/सम./2022 नवा रायपुर, अटलनगर दिनांक 18.08.2022 के अनुपालन में तथा विश्वविद्यालयीन अधिसूचना क्र. 1463/प्रवेश/2022 दिनांक 06.08.2022 के तारतम्य में सत्र 2022–23 के अन्तर्गत सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है। उपरोक्त प्रवेश प्रक्रिया में ऐसे महाविद्यालय जिनमें निर्धारित सीट संख्या से कम प्रवेश आवेदन प्राप्त हुए हैं अथवा जिनमें सीट संख्या से कम प्रवेश लिए गये हैं केवल उन्हीं महाविद्यालयों के लिए उनके प्रेषित आवेदन के आधार पर छात्रहित में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाईन प्रवेश पोर्टल पुनः दिनांक **24.08.2022 से 10.09.2022** तक खोला जा रहा है। संबंधित विद्यार्थी शीघ्र ही ऑनलाईन माध्यम से प्रवेश आवेदन फार्म भरकर मेरिट सूची अनुसार आवश्यक दस्तावेजों सहित शीघ्र संबंधित महाविद्यालय में प्रवेश लेवें।

**संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्य अपने महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 10.09.2022 तक पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करेंगे।**

**टीपः– दिनांक 17.08.2022 से 23.08.2022 के मध्य हुए ऑफलाईन प्रवेश को संबंधित महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर ऑनलाईन एंट्री किया जाना अनिवार्य होगा। एंट्री नहीं किए जाने पर संबंधित विद्यार्थी का प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी संबंधित महाविद्यालय की होगी।**

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय

पृ.क्र1474/प्रवेश/2022 दुर्ग, दिनांक 24.08.2022

प्रतिलिपिः–

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय/तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर।
2. प्राचार्य, संबंधित समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
3. अधिष्ठाता छात्र कल्याण/वित्त अधिकारी/उ.कु.स. परीक्षा/अकादमिक/गोपनीय एवं संबंधित प्रवेश कार्य सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
4. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
5. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र/पत्रिकाएं दुर्ग/बेमेतरा/राजनांदगांव/कबीरधाम/बालोद को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्रों के आगामी अंक में छात्रहित को ध्यान में रखते हुए समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

उपकुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय